Hindistatesyllabus.blogspot.com

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था

POEM- Worksheet with Word Meanings



हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था

हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था
व्यक्ति को मैं नहीं जानता था
हताशा को जानता था
इसलिए मैं उस व्यक्ति के पास गया
मैं ने हाथ बढ़ाया
मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ
मुझे वह नहीं जानता था
मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था
हम दोनों साथ चले
दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे
साथ चलने को जानते थे।

विनोद कुमार शुक्ल

विनोद कुमार शुक्ल
जन्म: 1 जनवरी 1937 (मध्यप्रदेश)
आप समकालीन हिंदी साहित्य क्षेत्र में कवि और कथाकार के रूप में विख्यात हैं। सब कुछ होना बचा रहेगा, वह आदमी चला गया, नया गरम कोट पहनकर विचार की तरह, लगभग जयहिंद आदि आपके काव्य संग्रह हैं। खिलेगा तो देखेंगे तथा दीवार में एक खिड़की रहती थी दोनों आपके उपन्यास हैं। मध्यप्रदेश शिखर सम्मान (1995), मैथिली शरण गुप्त राष्ट्रीय सम्मान (1996) आदि से आप सम्मानित हुए हैं।

हताशा	നിരാശ	साथ	ഒരുമിച്ച്	खड़ा होना	എഴുന്നേൽക്കുക
जानना	അറിയുക	पकड़ना	പിടിക്കുക	हाथ बढ़ाना	കൈ നീട്ടുക

❖ प्रश्नों का उत्तर दें -

(പേജ് നമ്പർ 13 ൽ നൽകിയ കവിത വായിക്കുക. തന്നിരിക്കുന്ന ചോദ്യങ്ങൾക്ക് ഉത്തരം കണ്ടെത്തുക.)

1. व्यक्ति किस हालत में था?
   - ○ निराशा में
   - ○ खुशी में
2. उसकी हताशा का कारण क्या था?
   - ○ जीवन के संतोष
   - ○ जीवन की समस्याएँ
3. कवि क्या जानते थे?
   - ○ व्यक्ति को
   - ○ व्यक्ति की निराशा को
4. 'कवि व्यक्ति को नहीं जानता था। व्यक्ति की हताशा को जानता था' — इससे क्या आशय मिलता है?
   - ○ व्यक्ति के प्रति कवि को सहानुभूति है।
   - ○ व्यक्ति के प्रति कवि को गुस्सा है।

Hindistatesyllabus.blogspot.com

5. 'मैंने हाथ बढ़ाया' - का तात्पर्य क्या है?

- मैंने सहायता की।
- मैंने उपद्रव किया।

6. साथ-साथ चलने के लिए व्यक्तियों के बीच पूर्व परिचय अनिवार्य है क्या?

- हाँ
- नहीं

7. **'साथ चलना' माने क्या है?**

- दूर चलना
- मिलकर चलना

8. क्या व्यक्ति की मदद करने के लिए उसको जानना ज़रूरी है?

- नहीं
- हाँ

9. हताश व्यक्ति के प्रति हमारा मनोभाव कैसा होना चाहिए?

- सहानुभूति का भाव
- उपेक्षा का भाव

10. 'व्यक्ति की हताशा को जानने' का मतलब क्या है?

- एक व्यक्ति के बाहरी रूप को जानना
- एक व्यक्ति के मन को जानना

11. **'व्यक्ति को जानते बिना परेशानी में उसकी मदद करना' किस का सूचक है?**

- कवि के मन की भलाई
- कवि के मन की बुराई

12. 'दोनों एक दूसरे को नहीं जानते थे। साथ-साथ चलने को जानते थे' -इससे क्या मतलब है?

- आपसी संबंध मन या हृदय से होना चाहिए।
- आपसी संबंध रूप या सौंदर्य से होना चाहिए।

13. मिलकर चलनेवालों में कौन-कौन सा गुण मौज़ूद है?

- दोस्ती और मनुष्यता
- स्वार्थता और शत्रुता

Hindistatesyllabus.blogspot.com

For more Study Materials: Click Here